प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में फिट इंडिया कार्निवल का शुभारंभ किया। जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हो रहे इस कार्यक्रम में श्री मांडविया ने कहा कि देशभर में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुकता बढ़ रही है।

............

तीन दिन के इस फिटनेस और वैलनेस उत्सव के दौरान कई खेलों का भी आयोजन हो रहा है। साथ ही पोषण विशेषज्ञ और डॉक्टर लोगों को निःशुल्क परामर्श दे रहे हैं।

000

मेवाड़ राजघराने के वरिष्ठ सदस्य महाराणा अरविन्द सिंह मेवाड़ का आज उदयपुर में निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार थे। उनके निधन की सूचना से समूचे मेवाड़ क्षेत्र और समर्थकों में शोक की लहर छा गई। श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड़ महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन, सिटी पैलेस और एकलिंगजी ट्रस्ट सहित कई संस्थाओं के प्रबंधक थे। उन्होंने शिक्षा, पर्यटन और विरासत संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया। उनके पुत्र लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से जारी सूचना के अनुसार महाराणा अरविन्द का अंतिम संस्कार कल किया जाएगा। उनकी पार्थिव देह को अंतिम दर्शन के लिए कल सिटी पैलेस में रखा जाएगा। श्री मेवाड़ के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर और केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से शोक व्यक्त किया गया है।

000

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं। पाली के राजकीय बांगड़ अस्पताल में बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। वहीं लोगों की टीकों से जुड़ी भ्रांतियां और गलत धारणाएं दूर की जा रही हैं। सवाईमाधोपुर में भी संक्रामक रोगों से बचाव और स्वास्थ्य रक्षा के लिए टीकों की भूमिका के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि देश के हर बच्चे की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य हासिल करने के लिए टीकाकरण जरूरी है।

000

प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी आंधी–बारिश का दौर आज से थमने की संभावना है। हालांकि आज भरतपुर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं दोपहर बाद हल्की बरसात हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान भरतपुर, अलवर और दौसा के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। वहीं चूरू में ओले भी गिरे। झुंझुनूं में आज कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। अधिकतर शहरों में दिन का तापमान 30 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

000

जयपुर जिले के कई इलाकों में ओलावृष्टि, बारिश और अंधड़ से फसलों को नुकसान पहुंचा है। राजस्व अधिकारियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में फसल खराबे से हुए नुकसान का जायज़ा लिया। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आंधी के रामपुरा, सोनकोटड़ा, डागरवाड़ा सहित अन्य तहसीलों के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

000

स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर जयपुर नगर निगम हेरिटेज के अधिकारी और कर्मचारी अपने–अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे हैं। निगम के आयुक्त अरुण हसीजा भी सफाई व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। वहीं ज़ोन उपायुक्त वार्डों का दौरा कर रहे हैं। आयुक्त अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये हैं।

000

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जोधपुर और फलौदी की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति–दिशा की बैठक ले रहे हैं। ये बैठक मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में आयोजित की गई है। इस दौरान श्री शेखावत जोधपुर और फलौदी क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ रायसीना डायलॉग 2025 का उद्‌घाटन करेंगे। रायसीना डायलॉग का यह दसवां संस्करण 19 मार्च तक चलेगा। इस आयोजन में शामिल देश वर्तमान भू–राजनीतिक और भू– आर्थिक समेत कई मुद्दों पर चर्चा करते हैं।

000

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोगों से लेक्स फ्रिडमैन के साथ हुए अपने पॉडकास्ट को सुनने का अनुरोध किया है। इसका प्रसारण आज शाम किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री फ्रिडमैन के साथ उनकी बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इसमें श्री मोदी के बचपन, हिमालय में बिताए गए समय और सार्वजनिक जीवन सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई है। श्री फ्रिडमैन ने कहा कि उन्होंने तीन घंटे तक प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत की। फ्रिडमैन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह उनके जीवन का सबसे प्रभावशाली वार्तालात रहा।

000